समाचार

पी.एम.ए.वाई. आवासगृहों के शेष बचे निर्माण कार्यो को दें अंतिम रूप, ताकि हितग्राहियों को मिले त्वरित लाभ

(महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने दादर में निर्मित प्रधानमंत्री आवासगृहों का किया निरीक्षण, साथ ही दादर बस्ती का भ्रमण कर लोगों से की भेंट, जानी समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 21 अप्रैल 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित कराए गए आवासगृहों के शेष बचे निर्माण कार्यो को त्वरित रूप से पूरा

कराएं एवं वहॉ पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए आवासगृहों को पात्र हितग्राहियों को आबंटित किए जाने की कार्यवाही संपादित कराएं, ताकि इन आवासगृहों का लाभ हितग्राहियों को मिल सके।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत दादर में निर्मित कराए गए आवासगृहों व परिसर का निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, पूर्व पार्षद दीपक यादव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे। यहॉ उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महती योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दादर बस्ती के समीप 2784 आवासगृहों (फ्लैट) का निर्माण कराया गया है, जिनके शेष बचे कार्य प्रगति पर हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने इन आवासगृहों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मकानों के शेष बचे कार्यो में गति ल ाकर इन कार्यो को अंतिम रूप दें एवं वहॉ पर पानी, बिजली, सड़क, नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए पात्र हितग्राहियों को इनका आबंटन कराएं, ताकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप इन पक्के आवासगृहों का लाभ जरूरतमंद लोगों को शीघ्र प्राप्त हो सके।

दादर बस्ती में किया भ्रमण, लोगों से की भेंट – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने दादर बस्ती पहुंचकर वहॉ के नागरिकों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं को जाना तथा समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राजपूत ने मॉ कंकालिन मंदिर के पीछे स्थित तालाब का निरीक्षण किया, बस्तीवासियों द्वारा तालाब की साफ–सफाई व सौदंर्यीकरण आदि की मांग को संज्ञान में लेते हुए उन्होने कहा कि तालाब के मालिकाना हक का परीक्षण करा लें तथा यदि तालाब शासकीय तालाब है तो इसके सौदंर्यीकरण की दिशा में समुचित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें।

स्वच्छता कार्यो का निरीक्षण – इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण भी किया, उन्होने बस्तीवासियों से पूछा कि निगम का सफाई रिक्शा कचरा लेने के लिए उनके घरों में नियमित रूप से आता है या नहीं, जिस पर बस्तीवासियों ने बताया कि कचरा लेने के लिए स्वच्छता दीदियॉ नियमित रूप से आती हैं तथा कचरे का संग्रहण करके ले जाती हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने बस्ती के लोगों से आग्रह किया कि घरों से निकले कचरे को निगम के सफाई रिक्शें में ही दें तथा वार्ड व बस्ती को साफ–सुथरा रखने में अपनी सहभागिता प्रदान करें। इस मौके पर उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि साफ–सफाई कार्यो में और अधिक बेहतरी लाएं तथा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप नियमित रूप से सफाई कार्य किए जाएं यह सुनिश्चित करें।